दोनों संस्थाओं के बीच एमओयू

सुशासन संस्थान और स्कूल ऑफ प्लानिंग करेंगे सिटी डेवलपमेंट

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

भोपाल. अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान (एआईजीजीपीए) के महानिदेशक आर परशुराम और स्कूल ऑफ प्लानिंग के निदेशक डॉ. एन श्रीधरन ने मंगलवार को आपसी करार पर हस्ताक्षर किए।

डीजी परशुराम ने बताया कि अब सिटी डेवलपमेंट के मुद्दे पर सुशासन संस्थान की ओर से स्कूल ऑफ प्लनिंग को योजनाएं बनाने और इनके क्रियांन्वयन पर सलाह मशविरा दिया जाएगा। सुशासन संस्थान में आर्किटेक्चर के जानकारों की ओर से शहर विकास की कई योजनाएं बनाई गई हैं। इन्हें स्कूल ऑफ प्लानिंग के जरिए मैदानी जामा पहनाने के लिए शासन को भेजा जाएगा। शहरी मामलों में शासन की नीतियां निर्मित करने में अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान को मार्गदर्शन एवं सहायक जानकारियां उपलब्ध कराने जिम्मेदारी मिली है। स्कूल ऑफ प्लानिंग के विद्यार्थियों को उनके कार्य में प्रासंगिकता लाने के लिए संस्थान ये सहायोग प्रदान करेगा। इस अवसर पर प्रमुख सलाहकार गिरीश शर्मा एवं मंगेश त्यागी उपस्थित रहे।

पत्रिका
दिनांक 26 जून. 2019 (पृष्ठ क्र. - 6)